मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 14, मुंबई, गुरुवार, 29 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




# INDIGO AIRLINES से यात्री परेशान

## अजय लक्ष्मीकांत दुबे ने किया ट्वीट

**मुंबई हलचल/ शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई दिल्ली और कानपुर के लिए अजय लक्ष्मीकांत दुबे ने अपना टीकट बुक करवाया था लेकिन इंडिगो की कोई फ्लाइट मुंबई से दिल्ली जाने के लिए नहीं होने की वजह से दिल्ली लेट पहुंचे और दिल्ली में बोर्डिंग पास मिलने के बावजूद मैनेजर और स्टाफ ने फ्लाइट प्रवेश नहीं करने दिया जिसके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अजय लक्ष्मीकांत दुबे ने अपने ट्विटर अकाउंट में इंडिगो एयरलाइंस के लिए संदेशा लिखा है कि यह आपके ध्यान में लाना है कि मैंने अजय लक्ष्मीकांत दुबे ने एक टिकट बुक किया था, जिसका पीएनआर नंबर PVVPL, प्रस्थान की तारीख 26/02/24, मुंबई से दिल्ली (6E2139) जो दिल्ली से कानपुर (6E5396) को जोड़ता है और वापसी 27/02/24 का पीएनआर नंबर है। JS2BP (6E5136)। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**





*अजय लक्ष्मीकांत दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से अपील की है कि इंडिगो एयरलाइंस की जांच कराकर इसपर कार्रवाई करें, क्योंकि इंडिगो एयरलाइंस की वजह से काफी यात्रियों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं*



अजय लक्ष्मीकांत दुबे (यात्री)

## मुंबई से दिल्ली का फ्लाइट लेट होने की वजह से दिल्ली से कानपुर की फ्लाइट में नहीं मिला प्रवेश




**अजय लक्ष्मीकांत दुबे ने टिकट की जानाकरी शेयर की, जो इस प्रकार है- पीएनआर नंबर PVVPL, प्रस्थान की तारीख 26/02/24, मुंबई से दिल्ली (6E2139) जो दिल्ली से कानपुर (6E5396) को जोड़ता है और वापसी 27/02/24 का पीएनआर नंबर है JS2BP (6E5136)**



# पुणे में जाली नोट फैक्ट्री का भंडाफोड़

## चीन से मंगवाया कागज, हूबहू छापे 500 के नोट

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे शहर के पास नकली नोट छापने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है, जहां जाली 500 रुपये के नोट छापने का अवैध धंधा चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिंपरी-चिंचवड शहर में कई महीने से 500 रुपये के हुबहु नोट छापने का काम चल रहा था। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### दांव-पेच और जोड़-तोड़

**खेला करने की सियासत से अधिकांश पार्टियों को गुरेज नहीं रह गया है। अब तो यह हाल है कि जो इसमें ज्यादा कारगर होता है, मीडिया और विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग भी उससे मोहित होकर उसका गुणगान करने लगता है।**

बात नई नहीं है, लेकिन अब बहुत बदरूप ढंग ले चुकी है। अक्सर राज्यसभा चुनावों के दौरान इसका नंगा नाच देखने को मिलता है। इस दौरान की खरीद-फरोख्त को पार्टियों ने अपनी शक्ति और सियासी कौशल के प्रदर्शन का प्रतीक बना लिया है। अब तो यह हाल है कि जो इसमें ज्यादा कारगर होता है, मीडिया और विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग भी उससे मोहित होकर उसका गुणगान करने लगता है। चूंकि खेला करने की सियासत से अधिकांश पार्टियों को गुरेज नहीं रह गया है, इसलिए इस हमाम में सभी नंगे नजर आते हैं।

मसलन, मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के समय हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार में भारतीय जनता पार्टी ने अपने इस कौशल का परिचय दिया, तो कर्नाटक में कांग्रेस इसमें भारी पड़ी। ज्यादा वक्त नहीं गुजरा है, जब बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने खेला कर दिखाने का एलान किया था, हालांकि असल वक्त आने पर खुद उनकी पार्टी के साथ खेला हो गया। बहरहाल, जब कोई चलन इतना बेपर्द रूप ले चुका हो, तो यह जरूरी हो जाता है कि उसे संचालित करने वाली परदे के पीछे की परिघटना को समझने की कोशिश की जाए। तो अगर हम गौर करें, तो यह साफ होने में देर नहीं लगती कि जिस लोकतंत्र पर हम गर्व करते हैं, वह धीरे-धीरे धनिकतंत्र या अभिजात्य-तंत्र में तब्दील हो चुका है। जो राजनीतिक पार्टियां हैं, वे असल में देश के छोटे से प्रभु वर्ग के हितों का प्रतिनिधित्व करने लगी हैं। अगर गौर से देखें, तो यह साफ होगा कि इन दलों के बीच होड़ प्रभु वर्ग का भरोसा हासिल करने की होड़ लगी हुई है। फिलहाल यह भरोसा पार्टियों की चुनाव जीत सकने की क्षमता के आधार पर मिलता है। तो दलों के बीच धर्म, जाति या क्षेत्र के आधार पर भावनाएं भड़का कर जीत सकने की क्षमता दिखाने की होड़ लगी है। प्रभु वर्ग इसी क्षमता के अनुपात में पार्टियों को राज का प्रबंधन करने के संसाधन वह उपलब्ध कराता है। मगर इस क्रम में निष्ठा, आदर्श, राजनीतिक नैतिकता और लोकतांत्रिक मर्यादाओं की बलि चढ़ गई है।

# जनता दल युनाइटेड की बैठक जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कामत की अध्यक्षता में जनता दल युनाइटेड कार्यालय मधुबनी में आयोजित की गई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मधुबनी।** जनता दल मधुबनी की बैठक जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कामत जी की अध्यक्षता में जदयू कार्यालय चंद्रा कंपलेक्स मधुबनी में हुई। इस बैठक में सभी 21 प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित रहे प्रदेश से परमंडलीय प्रभारी अब्दुल कयूम अंसारी साहब के साथ जिला प्रभारी मोहम्मद जमाल साहब मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कामत ने कहा कि जैसा कि आप लोगों को पूर्व से मालूम है की पंचायत स्तर पर हर बूथ पर सात सदस्यीय बूथ कमिटी बनाना है प्रदेश के आदेशानुसार इसे जल्द से जल्द 5 दिनों के अंदर जिला कार्यालय को जमा कर दें ताकि यह सूची प्रदेश कार्यालय को जमा किया जा सके साथी श्री कामत ने कहा कि आगामी 3 मार्च 2024 को माननीय राज्यसभा सासंद श्री संजय कुमार झा जी का अभिनंदन समारोह रखा गया है जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों के भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अभी से ही सब लोग लग जाएं परमंडलीय प्रभारी जनाब कैयूमअंसारी साहब ने कहा कि पार्टी का आदेश सर मान्य है इसलिए आप तमाम प्रखंड अध्यक्ष सेआगरह है कि बूथ लेवल कमेटी जल्द से जल्द दो दिनों के अंदर में जिला कार्यालय को जमा कर दें ताकि जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कामद जी पार्टी कार्यालय पटना को जमा कर सके




जिला मुख प्रवक्ता अहमद हुसैन ने कहा कि माननीय सांसद जी का अभिनंदन समारोह ऐतिहासिक होगा जिसमें कई हजार लोग शामिल होंगे इस कार्यक्रम को संबोधित करने वाले में संजीव कुमार झा जी मैडम सईदा बानो जी, जाहिर मालवली ,सईद अनवर, वीरेंद्र नारायण भंडारी, गुलाब शाह, श्याम सुंदर ,अरुण कुमार ,नित्यानंद सिंह ,विनोद कुमार, इफ्तिखार जिलानी, राजेंद्र प्रसाद कामत, राजकुमार सिंह, विश्वजीत सिंह मुन्ना ,विपिन गांधी ,उदयकांत चौधरी ,महानारायण राय, राधाकांत चौधरी ,तजम्मुल हुसैन ,अविनाश सिंह गॉड, फारुक दिलकश ,निशांत कुमार झा ,शशिकांत चौधरी ,पप्पू पटेल ,केशव कुमार मंडल, कमलेश कुमार कुंदन ,सत्रोहन रावत इत्यादि।

# राष्ट्रीय जनता दल जिला इकाई मधुबनी के द्वारा जिला कार्यालय में एक दिवसीय बैठक जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक रामाशीष यादव के अध्यक्षता में हुई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मधुबनी।** राष्ट्रीय जनता दल जिला इकाई मधुबनी के द्वारा मंगलवार को जिला कार्यालय मधुबनी में एक दिवसीय बैठक जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक रामाशीष यादव के अध्यक्षता में किया गया बैठक में 3मार्च 2024 को पटना में आयोजित जन विश्वास महारैली को सफल बनाने पर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राजद जिला अध्यक्ष रामाशीष यादव में कहा कि जन विश्वास महारैली का मकसद 17 साल बनाम 17 महीने के कार्यों को जनता के बीच रखना है। बिहार हमेशा संघर्षों की धरती रही है। तेजस्वी यादव परिवर्तन का मशाल लेकर आगे बढ़ रहे हैं और इस परिवर्तन में मधुबनी जिला भी शामिल है। इसलिए महारैली को सफल बनाने के लिए, मधुबनी लोकसभा से पांच हजार से अधिक लोगो को लेकर लेकर चलना है। राज्य और केंद्र की सरकार जनता की आवाज को दबाना चाहती है लेकिन जनता इनके मनसा को कभी सफल नहीं होने देगी। मोदी सरकार के द्वारा छात्र युवा किसान मजदूरों के विरुद्ध नीतियां बनाई जा रही है। सभी जन हितैषी योजनाएं धीरे-धीरे समाप्त की जा रही है। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महंगाई और बेरोजगारी दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने कहा की धार्मिक आधार पर लोगो के बीच



नफरत फैलाई जा रही है। देश में जबतक बेरोजगारी दूर नहीं होगी, तबतक देश विकास नहीं करेगा। बैठक में राजद के वरिष्ठ नेता राजकुमार यादव, राजेंद्र यादव, अरुण कुमार चौधरी, रुदल यादव, जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय, युवा जिला अध्यक्ष इंद्रभूषण यादव, महिला जिला अध्यक्ष रेणु यादव, युवा प्रदेश महासचिव अमरेंद्र कुमार चौरसिया, ओ प्रकाश यादव,उमेश कुमार राम, विशुनदेव सिंह यादव, संजय कुमार चौधरी, जीवछ यादव, अजितनाथ यादव, विजय यादव, गुलजार अहमद, मिश्रीलाल यादव, पप्पू यादव,संजय कुमार यादव,चंद्रकिशोर मंडल, जय जयराम यादव, रविरंजन राजा, पवन यादव, सुमन यादव, बिट्टू यादव, मनोज शर्मा बिशुनदेव भंडारी,शिवशंकर यादव, राजेश खर्गा ,संभू प्रसाद यादव, जक्की अहमद पम्मू, अरुण यादव, भोगेंद्र यादव,गोपाल यादव, वगैरह मौजूद थे।

# मदरसा इस्लामिया राघोनगर भौआड़ा मधुबनी के कान्फ्रेंस हाल में अंजुमन तरक्की ए उर्दू बेदारी कान्फ्रेंस आयोजित की गई, अंजुमन तरक्की उर्दू मधुबनी के सचिव अहमद हुसैन

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** मदरसा इस्लामिया राधो नगर भौवाड़ा मधुबनी के कांफ्रेंस हॉल में अंजुमन तरक्की उर्दू ए मधुबनी के जानिब से उर्दू बेदारी कॉन्फ्रेंस हुआ। जिसकी सदारत अंजुमन तरक्की उर्दू बिहार के सचिव जनाब अब्दुल कैयूम अंसारी ने किया और संचालन अंजुमन तरक्की उर्दू मधुबनी के सेक्रेटरी अहमद हुसैन ने की। मजलिस से खिताब करते हुए कैयूम अंसारी साहब ने कहा कि उर्दू एक ऐसी जवान है जिसका इस्तेमाल हर क्षेत्र में किया जा रहा है उर्दू के तालुक से हर स्कूल और ऑफिस में उर्दू की बहाली की जा रही है आज हम लोग उर्दू के तालीम से कोशो दूर है। इसलिए जरूरी है कि उर्दू के तालुक से अपने बच्चों को जरूर तालीम दिलावें और इसके जरिए मुकाम हासिल करें। अंजुमन तरक्की उर्दू ए मधुबनी के सेक्रेटरी ने कहा कि उर्दू एक ऐसी जवान है जो हर जबान इसके बगैर अधूरा है उर्दू दुनिया के तीसरे नंबर की जवान है यह मोहब्बत भाईचारे की जवान है इसमें बहुत सारी मस्तकबिल छुपा हुआ है इसलिए अपने बच्चे और मुआसरे में उर्दू की तालीम और बोलचाल में उर्दू का इसतेमाल ज्यादा होना चाहिए। मैं शुक्रगुजार हूं अपने सेक्रेट्री बिहार के उन्होंने मुझे मधुबनी का सेक्रेटरी बनाकर जो जिम्मेदारी दि है मैं वादा करता हूं कि



आने वाले दिनो में यह कमेटी जिला में तो मजबूत होगी ही यह प्रखंड और पंचायत स्तर तक इस कमेटी का फ्रोंग होगा और बनाया जाएगा और इसमें एक-एक दानिशवरान उर्दू के फिक्रमद साथियों को जोड़ा जाएगा आने वाले दिनों में एक बहुत सा कॉन्फ्रेंस मधुबनी के हेड क्वार्टर में किया जाएगा इस मंच से खिताब करने वाले मौलाना असरारुल हक कासमी साहब, प्रोफेसर शहजाद मंजर साहब मोहम्मद हससान साहब , सदर अशरफ आलम साहब नायक सदर मोहम्मद आजाद असद रशीद साहब जाहिर मलमली साहब इस्तीहाक करीमी साहब वगैरह मौजूद थे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कुर्ला में बिना फायर एनओसी व अग्निशमन सुरक्षा के धड़ल्ले से चल रहा है अवैध गेस्ट हाऊस (होटल) का धंधा

## ताक पर नियम कायदा एल/विभाग मनपा के हद में अवैध गेस्ट हाऊस (होटल) का साम्राज्य







**मुंबई हलचल/अजय उपाध्याय**

**मुंबई।** कुर्ला एल विभाग मनपा के हद्द में झोपडपट्टी व चालियो में सारे नियम कायदे को नजरअंदाज कर गेस्ट हाउस (होटल) का अवैध धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। ये सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक हैं। मौजूदा समय में इनकी संख्या 400 से अधिक बताई जा रही है। इनकी वजह से आस-पड़ोस में रहने वाले परेशान हो रहे हैं। कुर्ला के ऐसे अनेको गेस्ट हाउस, होटल व डोरमेट्री पीजी को एल विभाग के हेल्थ विभाग ने आईआर नोटिस दिए हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि पूरे कुर्ला शहर में फैल चुके अवैध गेस्ट हाउस के नेटवर्क को तोड़ने के लिए सिर्फ आईआर नोटिस देना पर्याप्त है। कुर्ला शहर में अवैध रूप से ऐसे नेटवर्क का जाल बिछ चुका है जो लोगों को किराए पर एक-दो दिन या कुछ घंटों के लिए कमरा देते हैं। इन गेस्ट हाउस तक पहुंचने के लिए कई छोटी बड़ी ऑनलाइन कंपनियां लोगों को प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रही हैं। ये कंपनियां लोगों को मोबाइल ऐप या ऑनलाइन उनके बजट और जरूरत के हिसाब से किराए पर कमरा दिलाने का काम करती हैं। ऐसे सभी गेस्ट हाउस होटल कुर्ला शहर में अवैध तरीके से चल रहे हैं। इनका कहीं कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है।




## मनपा व पुलिस प्रशासन मौन

बिना किसी आईडी प्रूफ व सुरक्षा की जांच किए बिना ये गेस्ट हाउस होटलो में लोगों को कमरा उपलब्ध करा देते हैं। इन गेस्ट हाउस की मदद से तमाम तरीके के वैध-अवैध काम किए जा रहे हैं। किसी के साथ कोई घटना हो जाए तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। इसका जवाब भी किसी के पास नहीं है। मोबाइल ऐप के अलावा कुर्ला शहर के रिहायशी चालियो के इलाकों में चल रहे गेस्ट हाउस ऑनलाइन तरीके से बुक करवाए जाते हैं। इसके साथ ही गेस्ट हाउस संचालकों ने कॉरपोरेट कंपनियों से भी टाइअप कर रखा है। उनके यहां अन्य स्थानों से आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों व मेहमानों को ठहराया जाता है। सूत्रों की मानें तो इन गेस्ट हाउसों के मालिक सरकारी ओहदों पर बैठे बड़े अधिकारी हैं या फिर नेताओं का इनमें पैसा लगा हुआ है। इस वजह से मनपा प्रशासन व पुलिस इन पर हाथ नहीं डालती है। कुर्ला शहर में इस तरीके से छोटे बड़े रिहायशी चालीओ में करीब 400 से ज्यादा गेस्ट हाउस चल रहे हैं। इनके बढ़ते जाल और खतरे को देखते हुए कुम्भकर्णीय नींद में सोए प्रशासन ने भी अभी तक इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नही की है बस आईआर नोटिस देकर खानापूर्ति की है।

सवाल यह उठता है की कुछ ही सालो में पूरे कुर्ला शहर में इतना बड़ा अवैध गेस्ट हाऊस का नेटवर्क विकसित हो गया और मनपा प्रशासन व पुलिस प्रशासन इससे बेखबर कैसे रह गया।

# भाई के दामाद ने किया था 4 साल के मासूम का अपहरण

## विनोबा भावे नगर पुलिस ने 24 घंटे में कराया आजाद

**मुंबई हलचल/अजय उपाध्याय**

**मुंबई।** कुर्ला क्षेत्र से एक ४ साल के मासूम बच्चे को अपहरण करने वाले आरोपी को विनोबा भावे नगर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज रेलवे स्टेशन से धर दबोचा है। विनोबा भावे नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजीव चौहान ने बताया कि पुलिस ने यह कारवाई मात्र २४ घंटे के भीतर पूरा करते हुए अपहरणकर्ता के चंगुल से 4 साल के मासूम बालक को आजाद करने में सफलता प्राप्त की है। मिली जानकारी के अनुसार विनोबा भावे नगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कुर्ला के एमआइजी कॉलोनी में रहने वाले विजय छेदीप्रसाद विश्वकर्मा के 4 साल के बेटे को उनके भाई के दामाद लव तूफानी विश्वकर्मा ने आइसक्रीम खिलाने का लालच देकर बाहर बुलाया और लेकर भाग गया। इस संदर्भ में विजय विश्वकर्मा ने विनोबा भावे नगर पुलिस स्टेशन में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने करीब 5 घंटे तक की सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो आरोपी बच्चे के साथ कुर्ला स्टेशन की तरफ जाता दिखाई दिया। कुर्ला स्टेशन



से आरोपी कल्याण जाने वाली लोकल ट्रेन में बैठा उसके बाद सीसीटीवी फुटेज से ही पता चला कि आरोपी ने प्रयागराज जाने के लिए महानगरी ट्रेन पकड़ ली है। इसके बाद विनोबा भावे नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के निर्देश पर अपराध प्रकटीकरण अधिकारी अमर चेडे, भाऊसाहेब सोनवणे और उनकी टीम ने तुरंत प्रयागराज पुलिस से संपर्क साधकर अपहरणकर्ता और बच्चे के बारे में जानकारी दी। इस सूचना के बाद प्रयागराज पुलिस तुरंत हरकत में आई और रेलवे स्टेशन पर अपहरणकर्ता को दबोच कर बच्चे को रिहा करा लिया गया। इसके बाद अमर चेडे और टीम को तुरंत प्रयागराज रवाना किया गया और आरोपी और पीड़ित को विनोबा भावे नगर पुलिस स्टेशन लाया गया। पुलिस की यह पूरी कार्रवाई परिमंडल पांच के उपायुक्त तेजस्वी सातपुते, सहायक पुलिस आयुक्त गोविंद गंभीरे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजीव चव्हाण के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक अमर कलंगे, भाऊसाहेब सोनवणे के मार्गदर्शन मे मिसिंग दस्ते के सहायक फौजदार सावंत की टीम द्वारा अंजाम दी गई।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### इंडिगो एयरलाइंस से परेशान यात्री

आपकी मुंबई से दिल्ली की फ्लाइट लेट थी, फिर भी दिल्ली उतरने के बाद मैं दौड़ा और आपके काउंटर से मुझे बोर्डिंग पास मिला, बोर्डिंग पास मिलने के बाद हम बोर्डिंग के लिए गेट पर पहुंचे। आपके स्टाफ और मैनेजर से यह जानकर मुझे बहुत दुख हुआ कि बोर्डिंग का समय खत्म हो चुका है और आखिरी बस निकल चुकी है, इसलिए वे जगह नहीं दे सकते। यह बहुत निराशाजनक है क्योंकि उस दिन कानपुर के लिए कोई अन्य उड़ान नहीं है। आज मेरा कानपुर में बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। आज शाम को मेरा एक बहुत ही महत्वपूर्ण पारिवारिक समारोह था। पहले के बुरे अनुभव के बावजूद मैंने इंडिगो को चुना। मुझे इंडिगो से न्यूनतम उम्मीद है कि वह टिकट और मुझे हुई परेशानी सहित मेरे सभी यात्रा खर्च वापस कर देगी। मुझे अब भी लगता है कि गेट पर मैनेजर को जगह मिल सकती थी। लेकिन बड़ी बेरहमी से उन्होंने मना कर दिया। कृपया आवश्यक कार्रवाई करें। आपकी सकारात्मक प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है।

### पुणे में जाली नोट फैक्ट्री का भंडाफोड़

जाली नोट छापने के लिए पेपर ऑनलाइन चीन से मंगवाए गए थे। पिंपरी-चिंचवड पुलिस ने नकली नोट छापने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नकली नोट ऑफसेट मशीन की मदद से छाप रहे थे। इन्हें बेचने के दौरान गिरोह का पदार्फाश हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक, देहुर रोड पुलिस ने जाली नोट बनाने वाले गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर रही है। आरोपियों ने चीन से ऑनलाइन कागज मंगवाया था और उस पर नकली भारतीय करेंसी नोट छापते थे। छापेमारी में 70 हजार के नकली नोट बरामद हुए है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रितिक चंद्रमणि खडसे (उम्र 22), सूरज श्रीराम यादव (उम्र 41), आकाश विराज धंगेकर (उम्र 22), सुयोग दिनकर सालुंखे (उम्र 33), तेजस सुकदेव बल्लाल (उम्र 19) और प्रणव सुनील गवने (उम्र 30) के तौर पर हुई है। आरोपी रितिक ने आईटी में डिप्लोमा किया हुआ है। वह एक निजी कंपनी में काम करता है। आरोपी ने प्रिंटिंग व्यवसाय चलाने के लिए पुणे के दिघी इलाके में एक दुकान किराए पर ली थी। इसके बाद एक पुरानी प्रिंटिंग मशीन खरीदी। लेकिन प्रिंटिंग का काम नहीं मिला और बड़ा घाटा होने लगा। हालत यह हो गए कि दुकान का किराया भी निकलना मुश्किल हो गया। अन्य खर्चों का भी बोझ बढ़ता जा रहा था। इस बीच, आरोपी सूरज ने कहा कि नकली नोट छापने से फायदा होगा। उसे नोटों को डिजाइन करना भी आता था। इसके बाद आरोपियों ने जाली नोट छापने का काला कारोबार शुरू किया। इसके मुताबिक, अलीबाबा वेबसाइट से तेजस के पते पर चीन से पेपर ऑर्डर किया गया। दो लाख नकली नोट छापने के लिए आरोपियों ने खास कागज चीन से मंगवाया।

# जलगाँव में राष्ट्रीय लोक अदालत 3 को

## पक्षकारों की रजामंदी से निपटाया जाएगा केस : एमपी सैय्यद

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जलगाँव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महाराष्ट्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से आगामी रविवार 3 मार्च को जलगाँव स्थित न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एसपी सैय्यद ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, वाहन दुर्घटना,फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह उक्त कार्यक्रम के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ भी मिलते हैं।



# कानपुर पुलिस की पकड़ से बाहर ट्रक बॉडी मेकर इमरान शेख का हत्यारा, छापे जारी

**कानपुर।** इस महानगर में युवाओं की हत्याओं का सिलसिला लगातार जारी है, जिसके क्रम में एक और युवक को मौत के घाट उतार दिया गया। वह ट्रक की बॉडी बनाने का काम करता था। घटना रेल बाजार थाना क्षेत्र की है, जिसकी वजह पुरानी रंजिश बताई जाती है लेकिन पुरानी रंजिश वाली भी बात अभी स्पष्ट नहीं है। मतलब पुलिस अब तक यह पता नहीं लगा पाई है कि पुरानी रंजिश थी तो किस वजह से थी। फिलहाल लगातार छापा मारे जाने के बाद भी हत्या आरोपी पुलिस की पकड़ से समाचार लिखे जाने तक बाहर है। वह उसकी तलाश में लगातार जुटी हुई है। घटना के बारे में पुलिस से प्राप्त विवरण के मुताबिक रेल बाजार के बर्तन वाली गली निवासी 44 वर्षीय इमरान शेख ट्रक की बॉडी बनाने का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी शबनम और तीन बच्चे हैं। पेपर पहुंची पुलिस को परिवार वालों ने बताया कि इलाके में रहने वाले अफ्फान कुरैशी से बीते कुछ दिनों पहले किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिस बात को लेकर वह रंजिश मानने लगा था। रात करीब 11 बजे अफ्फान साथियों के साथ घर पहुंचा और इमरान को अपने साथ लेकर चला गया। इसके बाद भोर करीब चार बजे रेल बाजार स्थित आर्य कन्या स्कूल के सामने अफ्फान ने अपने साथियों के साथ इमरान को लोहे की रॉड और धारदार हथियार से वार कर लहूलुहान कर दिया।

## बर्लिन में भारत-जर्मनी के रक्षा सचिवों के बीच कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# दोनों देश रक्षा क्षेत्र में उच्च प्रौद्योगिकी में देंगे सहभागिता, रक्षा-सुरक्षा को बताया सर्वोपरि

*भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बैठक में रक्षा क्षेत्र से जुड़ी उच्च प्रौद्योगिकी में सहभागिता पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बर्लिन में भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र में उच्च प्रौद्योगिकी में सहभागिता पर अपना ध्यान केंद्रित किया।

रक्षा मंत्रालय ने बयान में बताया कि भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने 27 फरवरी को बर्लिन में जर्मन रक्षा मंत्रालय के सचिव बेनेडिक्ट जिमर के साथ भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति (एचडीसी) की बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख आधार के रूप में रक्षा सहयोग को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया।

साथ ही दोनों देशों के रक्षा सचिवों ने कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा भी की।

- ***भारतीय रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बर्लिन में उच्च रक्षा समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता की***
- ***रणनीतिक साझेदारी के आधार पर रक्षा सहयोग को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया***
- ***भारत-जर्मनी के रक्षा सचिव उच्च रक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देने पर हुए सहमत***



### इसके पहले 2023 में हुई थी बैठक

*ज्ञात हों कि उच्च रक्षा समिति की बैठक का आयोजन 2023 में जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस की भारत यात्रा के बाद किया गया है। इस बैठक के बाद गिरिधर अरमाने ने बर्लिन में एक प्रमुख थिंक टैंक जर्मन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड सिक्योरिटी अफेयर्स (स्टिफ्टंग विसेनशाफ्ट अंड पोलिटिक-एसडब्ल्यूपी) के साथ बातचीत की।*

### जर्मनी के साथ संभावित संयुक्त अभ्यास पर चर्चा

दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर अपने विचारों का आदान-प्रदान करने के साथ भारत- प्रशांत क्षेत्र में जर्मनी के साथ संभावित संयुक्त अभ्यास पर चर्चा की। इसके अलावा संभावित रक्षा औद्योगिक परियोजनाओं और प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने मजबूत रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को एक साथ लाने की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही, रक्षा क्षेत्र में उच्च प्रौद्योगिकी में सहभागिता पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

### भारत-नेपाल के पूर्व सेना प्रमुख करेंगे मंथन

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के बीच एक से 3 मार्च तक 'चीफ्स कान्क्लेव' का दिल्ली में आयोजन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे करेंगे। दोनों देशों के कुछ सेवानिवृत्त और मानद सेना प्रमुख भी इसमें शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान दोनों देशों के पूर्व और मानद सेना प्रमुख रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर सकते हैं। चीफ्स कान्क्लेव का यह नौवां संस्करण होगा। इसमें रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध के कारण पैदा हुई चुनौतियां, क्षेत्रीय सुरक्षा व सीमा विवाद और भारत व नेपाल के द्विपक्षीय सामरिक मामलों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा।

### दोनों देश बिंदुओं को अपनी सरकारों तक पहुंचाएंगे

चर्चा के दौरान सामने आने वाले सभी जरूरी मुद्दों को कलमबद्ध कर दोनों देशों के पूर्व प्रमुख अपनी-अपनी सरकारों तक पहुंचाएंगे। इससे उन्हें भविष्य में सेनाओं की रणनीतिक और युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए जरूरी नीति निर्धारण में काफी मदद मिलेगी। गौरतलब है कि 'चीफ्स कान्क्लेव' का पिछला आठवां संस्करण वर्ष 2021 में आयोजित किया गया था। मूलरूप से यह कार्यक्रम भारत में ही आयोजित किया जाता रहा है, लेकिन पिछले साल 2023 में इसका पहली बार नेपाल में आयोजन किया गया था। नेपाल ने सेना के 260वें स्थापना दिवस के मौके पर 'चीफ्स कान्क्लेव' का आयोजन किया था और उसमें भारतीय सेना के जनरल एमएम नरवणे, जनरल दलबीर सिंह सुहाग, जनरल दीपक कपूर, जनरल जेजे सिंह और जनरल वीएन शर्मा शामिल हुए थे।

## पड़ोसी मुल्क में भीड़ उग्र, मचा कोहराम

# पाकिस्तान में ईशनिंदा की आड़ में निर्दोषों पर जानलेवा हमले



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पाकिस्तान में इस्लाम, धर्मग्रंथ या पैगंबर के अपमान के आरोप लगाकर किसी व्यक्ति पर उग्र भीड़ का हमला करना कोई नई बात नहीं है। 25 फरवरी को लाहौर के अछरा बाजार इलाके में भी देखने को मिला। जहां सैंकड़ों लोगों की भीड़ ने एक महिला पर ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए घेर लिया। आरोप था कि महिला के कपड़े पर 'कुरान की आयतें' लिखी हैं। हालांकि पंजाब पुलिस की महिला अधिकारी ने महिला को भीड़ से निकाल लिया और कपड़े की जांच की तो अरबी अक्षरों में 'हलवा' शब्द प्रिंट था। अरबी भाषा में हलवा का अर्थ सुंदर और मीठा है।

### ईशनिंदा और उससे जुड़े कानून क्या हैं?

ईशनिंदा का मतलब किसी धर्म या मजहब की आस्था का मजाक बनाना। किसी धर्म प्रतीकों, चिह्नों, पवित्र वस्तुओं का अपमान करना, ईश्वर के सम्मान में कमी या पवित्र या अदृश्य मानी जाने वाली किसी चीज के प्रति अपमान करना ईशनिंदा माना जाता है। इस्लामिक देशों का ईशनिंदा कानून कहता है कि पवित्र पैगम्बर हजरत मुहम्मद के संबंध में कोई भी अपमानजनक टिप्पणी चाहे मौखिक, लिखित, विजुअली, किसी तरह का लांछन, अपमान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किया गया हो। उस शख्स को सजा-ए-मौत या आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी।

### 23 साल में 85 की हत्या

पाक में 1990 के बाद से अगस्त 2023 तक ईशनिंदा के आरोपों के संबंध में 85 लोगों की हत्या कर दी गई है। जबकि मानवाधिकार कानूनी सहायता समूह राष्ट्रीय न्याय की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 20 सालों में 774 मुसलमानों और विभिन्न अल्पसंख्यक धार्मिक समूहों के 760 सदस्यों पर ईशनिंदा का आरोप लगाया जा चुका है। ईसाई संस्था नेशनल कमीशन फार जस्टिस एंड पीस ने भी 1987 से 2018 तक ईशनिंदा के खिलाफ दर्ज हुए मामलों का आंकड़े में बताया है कि 2018 तक देश में 776 मुस्लिमों, 505 अहमदिया, 229 ईसाइयों और 30 हिंदुओं पर ईशनिंदा कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# राजीव गांधी नाइट कॉलेज के आकाश माने ने 'खेलो इंडिया गेम्स' में जीता कांस्य पदक

**मुंबई हलचल/अजय उपाध्याय**

**मुंबई।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित चतुर्थ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के अंतर्गत कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन नागालैंड के कोहिमा स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया गया। राजीव गांधी नाइट कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, टैगोर नगर, विक्रोली (पूर्व) के कला विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र आकाश सत्यवान माने को मुंबई विश्वविद्यालय की ओर से इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चुना गया था। आकाश माने ने इस कुश्ती टूर्नामेंट के 79 किलोग्राम



फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीता है। आकाश के शानदार प्रदर्शन से मुंबई यूनिवर्सिटी, इंस्टीट्यूट और कॉलेज को गहरा सम्मान मिला है.

इससे पहले, उन्होंने चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रेसलिंग टूर्नामेंट में मुंबई यूनिवर्सिटी और कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया और कांस्य पदक जीता। आकाश ने अब तक छह राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और छह राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की है। इस सफलता पर संस्था की अध्यक्ष पुष्पलता बालासाहेब म्हात्रे, कोषाध्यक्ष डॉ. सुखदा चिराटे एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलका कदम ने आकाश और उसके मार्गदर्शक को विशेष रूप से बधाई दी है।

# दवाखाने के सामने गंदे पानी का जमाव

**मुंबई हलचल/अजय उपाध्याय**

**मुंबई।** राज्य सरकार और मनपा जहां एक तरफ स्वच्छता अभियान चला रही है वहीं पवई के आईआईटी मार्केट के बगल में स्थित फुले नगर झोपड़पट्टी में गटर के गंदे पानी से जलजमाव हो रहा है। इस कारण बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। नागरिकों का कहना है कि गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में



है। हैरत की बात यह है कि जलजमाव दवाखाने के ठीक सामने हो रहा है। स्थानीय नागरिकों की लिखित शिकायत के बावजूद मनपा इस समस्या को संज्ञान में नहीं ले रही है। इस कारण नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द इन नालों की सफाई नहीं की गई तो मनपा एस विभाग कार्यालय पर मोर्चा निकाला जाएगा।

# आदिवासी कोली समुदाय का मुंबई में विरोध प्रदर्शन आज

## समाज के संवैधानिक अधिकारों की लड़ाई जारी रखेंगे : बाविस्कर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** आदिवासी कोली जनजाति के संवैधानिक अधिकारों के लिए आज (29 फरवरी) से मुंबई के आजाद मैदान में तीव्र अन्न त्याग सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा। राज्य के सभी उपखण्ड अधिकारी (प्रान्त) कार्यालयों में आदिवासी कोली जनजाति के जाति- प्रमाण पत्रों के प्रस्ताव लम्बे समय तक लम्बित रहना अवैध है। जाति प्रमाण पत्र जहां संविधान प्रदत्त अधिकारों का लाभ पाने का एक साधन है, वहीं कोली जनजाति को संविधान प्रदत्त अधिकारों को पाने के लिए लगातार आंदोलन और अनशन करना पड़ता है। जोकि शासन -प्रशासन के लिए अशोभनीय है। अनुसूचित जनजाति टोकरे कोली, महादेव कोली, मल्हार कोली का जाति -प्रमाण पत्र व वैधता




प्रमाण पत्र दिलाने की मांग सही और संवैधानिक है। क्राइम दस्तक ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष व महाआंदोलन के प्रमुख जगन्नाथ बाविस्कर ने बताया कि संबंधित विभाग हमें हमारे अधिकार से वंचित कर रहा है।जबकि हमारे पास सभी प्रकार के पुख्ता सबूत भी हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी आदिवासी कोली जनजाति के संवैधानिक अधिकारों की लड़ाई जारी रखेंगे। संयोजक एडवोकेट शरद चंद्र जाधव (पुणे), आयोजक सखाराम बिरहाडे (चोपड़ा) .संभाजीनगर) ने मीडिया के माध्यम से संयुक्त ब्यान दिया है।

असम राइफल्स की 4 टुकड़ियां तैनात

# मणिपुर में फिर तनाव: पुलिसकर्मी का अपहरण

मुंबई हलचल / नई दिल्ली


मणिपुर में ताजा तनाव को देखते हुए सेना को बुलाया गया। यहां इंफाल में असम राइफल्स की 4 टुकड़ियों को तैनात किया गया है। मेइतेई संगठन अरमबाई तेंगगोल के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को उनके आवास से अपहरण कर लिया। मणिपुर पुलिस के ऑपरेशन विंग में तैनात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार को पुलिस और सुरक्षा बलों की त्वरित कार्रवाई के बाद बचा लिया गया। फिलहाल अधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि अरामबाई तेंगगोल के प्रति निष्ठा रखने वाले कैडरों के एक समूह ने इम्फाल के वांगखेई में कुमार के घर पर हमला किया। इस अंधाधुंध गोलीबारी का कारण यह था कि संबंधित अधिकारी ने कथित तौर पर गाड़ी चुराने वाले समूह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया था।



### आरोपियों की रिहाई के लिए प्रदर्शन रोड किया जाम, की तोड़फोड़

गिरफ्तारी के बाद मीरा पैबिस (मेइतेई महिला समूह) के एक समूह ने आरोपियों की रिहाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और रोड जाम कर दिया। मंगलवार शाम को हुए हमले में कथित तौर पर अरामबाई तेंगगोल से जुड़े सशस्त्र कैडरों ने घर में तोड़फोड़ की और गोलियों से कम से कम चार वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस अधिकारी के पिता एम कुल्ला ने बताया कि हमने हथियारबंद लोगों के घुसने के बाद उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अचानक वाहनों पर गोलीबारी शुरू कर दी। हम जल्दी से अंदर गए और खुद को बंद कर लिया। अधिकारी अपनी टीम के साथ भागे, लेकिन उनका अपहरण कर लिया गया। दरअसल, प्रदर्शन करने वाले लोगों की संख्या अधिक थी। इसके बाद मणिपुर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और कुछ घंटों के भीतर कुमार को आरोपियों के चुंगल से छुड़ा लिया।

# कश्मीर: आग का बर्फ से महामुकाबला



◆ होटल जलने लगा तो पर्यटकों ने की ताबड़तोड़ 'बर्फबाजी'



◆ पर्यटकों को आग से मुकाबला करने का आया नया आइडिया

**गुलमर्ग।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग के एक मशहूर होटल में बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे भीषण आग लग गई। अचानक लगी आग को कैसे बुझाई जाए, यह लोग समझ ही नहीं पा रहे थे। तभी उन्हें अचानक आइडिया आया कि बर्फ से ही आग पर काबू पाया जाए। फिर स्थानीय लोग और मौजूद पर्यटकों ने ताबड़तोड़ बर्फबारी शुरू कर दी। धीरे-धीरे आग कमजोर पड़ गई और फिर सूचना मिलने पर आए दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

उत्तराखंड हलचल

# मुख्य विकास झरना कमठान ने अपने कार्यालय कक्ष से वीसी के माध्यम स्वीप के तहत गतिमान कार्यक्रमों की समीक्षा

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** मुख्य विकास झरना कमठान ने अपने कार्यालय कक्ष से वीसी के माध्यम स्वीप के तहत गतिमान कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए समस्त जिला स्तरीय विभागीय कार्याध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने शहरी क्षेत्रों में नगर निगम, एमडीडीए, नगर पालिकाओं को अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रतिदिन मतदाता जागरूकता गतिविधि आयोजित करते हुए अपार्टमेंट, बाजार, सार्वजनिक स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत चौपाल, चाय पार्टी आदि कार्यक्रम आयोजित करते हुए नागरिकों को मतदान हेतु जागरूक करें। अधिकारी अपनी अपनी हाउसिंग सोसायटी के आसपास रहने वाले नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्वयं भी अपने आसपास एवं सम्पर्क



लोगों से मतदान की अपील करें। साथ ही व्हासपऐप स्टेटस, मतदाता जागरूकता डीपी लगायें तथा मतदाता जागरूकता सम्बन्धित सामग्री पोस्ट करें। मतदान हेतु इलेक्शन पर चर्चा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ऑफिस में सेल्फी प्वाइंट बनाएं, बैनर, स्टैंडी लगवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी कार्मिक मतदान से वंचित न रहे, इसके लिए कार्मिकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाएं। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा की अपना नाम वोटर लिस्ट में अवश्य चौक कर लें, यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नही है, वे बीएलओ के माध्यम या 1950, वोटर हेल्प के माध्यम से वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वाएं। उन्होंने अधिकारियों को जनमानस की भागीदारी वाली एक्टिविटी कराते हुए मतदान की महत्ता बताएं। कोई भी वोट देने से वंचित न रहे, कार्मिकों को मतदान की शपथ दिलाएं। समाज कल्याण विभाग दिव्यांग, 80$ मतदाताओं की सूची के साथ सक्षम ऐप पर मैपिंग कराएं। बाल विकास विभाग महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए आगनवाड़ी के माध्यम से डोर टू डोर कार्यक्रम करवाएं। शिक्षा विभाग कार्मिकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाएं तथा इंटरमीडिएट के बच्चों को शपथ दिलाएं तथा उनके माध्यम से परिजनों को मतदान के लिए प्रेरित करें, एनआईसी सभी वेबसाइट पर जागरुकता स्लोगन चलाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को ओपीडी पर्ची पर चुनाव थीम ह्यचुनाव का पर्व देश का गर्वह्न प्रिंट हो, 3 मार्च को पल्स पोलियो कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान को भी जोड़ें। परिवहन विभाग सार्वजनिक वाहनों पर मतदाता जागरूकता स्लोगन, पोस्टर पम्पलेट चस्पा कराएं। विद्युत, विभाग जल संस्थान सभी बिल पर मतदाता जागरूकता स्लोगन, ऑनलाइन वेबसाइट पर मतदाता जागरूकता, के साथ ही बिल काउंटर पर मतदाता जागरूकता स्लोगन, पम्पलेट/पोस्टर चस्पा कराएं। सभी विभाग अपने से सम्बन्धित संस्थाओं, स्टेक होल्डर्स, उपभोक्ताओं को उपलब्ध की जा रही सामग्री, पत्राचार, बिल आदि पर मतदाता जागरूकता सामग्री चस्पा कराएं।

# मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पूर्ति विभाग द्वारा सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर मतदान शपथ दिलाई गई

**मुंबई हलचल/ फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** देहरादून में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों एवं स्वीप के तहत विभिन्न स्थानों पर वोटर जागरूता अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में दीवार पेन्टिंग कर मतदाता जागरूकता स्लोगन, बूथ लेवल पर जागरूकता कार्यक्रम, विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता गतिविधि आयोजित की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन आज पूर्ति विभाग द्वारा सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर मतदान शपथ दिलाई गई। सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता, माजरा, एवं भंडारी बाग धर्मपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत मतदाता जागरूकता




शपथ दिलाई गई। अपर जिला पूर्ति अधिकारी विवेकशाह ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं की दुकानों पर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए उनसे मतदान अवश्य करने हेतु अपील की गई तथा मतदान के महत्व को अपने घर/पास पड़ोस/आसपास के लोगों को भी बताते हुए मतदान दिवस को मतदान पर्व के रूप में मनाए जाने हेतु प्रोत्साहित किए जाने हेतु जागरूक किया गया। वहीं डाकपत्थर में मतदान हेतु स्पीप वैन एवं नुक्कड़नाटक के माध्यम से टीम द्वारा मतदान हेतु जागरूक किया गया। रीप परियोजना के अंतर्गत परियोजना निदेशक डीआरडीए, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप / जिला विकास अधिकारी, जिला समन्वयक स्वीप /जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला परियोजना प्रबंधक रीप द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मतदान की शपथ दिलाई गई एवं ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हेतु प्रेरित किया गया

# इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र पर लेट पहुंचने के बाद पेड़ से लटका मिला छात्र का शव

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**पिरान कलियर हरिद्वार।** परीक्षा देने आया छात्र वापस घर नहीं पहुंचा आज उसका शव पेड़ से लटका मिला। बताया गया है कि वह परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में बहुत ज्यादा लेट हो गया था और इस कारण उसे परीक्षा नहीं देने दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नियामू चरथावल उत्तर प्रदेश का रहने वाला युवक गुरमीत पुत्र प्रीतम उम्र 18 वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होने ग्राम हद्दीपुर स्थित इंटर कॉलेज आया था। लेकिन बहुत अधिक लेट होने



के कारण वह परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाया और परीक्षा छूट गई थी। परीक्षा केंद्र से वह अपने घर नहीं पहुंचा।परिजन तलाश में जुटे थे सुबह ग्राम रागढ़वाला बिजली घर के पास जंगल क्षेत्र में एक आम के पेड़ से लटका हुआ गुरमीत का शव बरामद हुआ। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। प्रथम दृष्ट्या गुरमीत द्वारा आत्महत्या किया जाना प्रकाश में आया है। वहीं इस संबध में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलबर सिंह नेगी का कहना है कि छात्र परीक्षा समाप्त होने से कुछ समय पहले ही केंद्र पर पहुंचा था इसलिए वह परीक्षा में शामिल नहीं हो पाया। मामले की जांच की जा रही है शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# लक्सर पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**लक्सर हरिद्वार।** लक्सर कोतवाली पुलिस ने स्मैक तस्कर को किया गिरफ्तार। स्मैक तस्कर से 5 पॉइंट 67 ग्राम अवैध स्मैक एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू सहित स्मैक बेचकर कमाई गए 1120 रुपए पुलिस ने किए बरामद। पुलिस ने आरोपी समैक तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत किया मुकदमा दर्ज। आरोपी स्मैक तस्कर अरशद उर्फ चुण्डी पुत्र गुलजार लक्सर के मोहम्मदपुर कुन्हारी गांव का है निवासी। आरोपी स्मैक तस्कर अरशद उर्फ चुण्डी के खिलाफ पूर्व में भी है मुकदमे दर्ज। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन अभियान के तहत एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निर्देश पर लक्सर पुलिस ने की नशे के खिलाफ कार्यवाही। पुलिस टीम में एएसआई मनोज गैरोला,एसआई लोकपाल परमार, कांस्टेबल अनुप पोखरियाल सहित कांस्टेबल प्रकाश खनेड़ा आदि मौजूद रहे।



# राजस्व उप निरीक्षक-सहिया, सुखदेव चन्द के विरूद्ध विभागीय जांच के आदेश

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** तहसील कालसी क्षेत्रान्तर्गत तैनात राजस्व उप निरीक्षक के विरूद्ध प्राप्त शिकायत पर जिलाधिकारी सोनिका द्वारा उप जिलाधिकारी, चकराता से आख्या मांगी गई थी। उप जिलाधिकारी चकराता की आख्या में उल्लेख किया गया है कि तहसील कालसी क्षेत्रान्तर्गत राजस्व उप निरीक्षक-सहिया, सुखदेव चन्द के विरूद्ध प्राप्त शिकायत में प्रथम दृष्ट्िया राजस्व उप निरीक्षक की संलिप्तता प्रतीत होना हुई है। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित राजस्व उप निरीक्षक साहिया सुखदेव चन्द, को तत्काल प्रभाव से जिला कार्यालय स्थित भूलेख अधिष्ठान में सम्बद्ध करते हुए प्रकरण की विभागीय जाँच हेतु उप जिलाधिकारी, चकराता को जाँच अधिकारी नामित कर 03 दिवस के अन्दर संस्तुति सहित आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

बुलडाणा हलचल

# बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपये की सहायता दि जये: संदीप शेळके

**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** जिले में 26 फरवरी को हुई बेमौसम बारिश के कारण कृषि फसलों को भारी नुकसान हुआ। वन बुलढाणा मिशन के संयोजक संदीप शेळके ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक के माध्यम से क्षतिग्रस्त किसानों को प्रति एकड़ 50,हजार रुपये की सहायता देने की मांग की है। जिले में बेमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसान अभी तक उबर नहीं पाए हैं। 26 फरवरी को फिर जिले में बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा चली। इसमें किसानों को काफी नुकसान हुआ है। मलकापुर, लोनार, संग्रामपुर, शेगांव तालुका में भारी ओलावृष्टि के कारण कृषि फसलों को भारी नुकसान हुआ। गेहूं, चना, मक्का, ज्वार, संतरा, सब्जी की फसल को भारी नुकसान हुआ है। लोनार तहसील के किनगांव जट्टू, बीबी, देवनगर, गोवर्धन नगर इलाकों में भारी बारिश के साथ ओले गिरे। किनगांव राजा इलाके में खेती को भी भारी नुकसान पहुंचा है। सिंदखेड़ाराजा तालुक के मलकापुर पांगरा, दुसरबिद इलाके में भी ओलावृष्टि हुई। शेगांव तालुका के भोंगाव में एक घंटे से अधिक समय तक हुई ओलावृष्टि से कृषि उपज का भारी नुकसान हुआ है। खराब मौसम के कारण पहले से ही मुसीबत में फंसे किसानों के सामने मुसीबतों का पहाड़ खड़ा हो गया है। संदीप शेलके ने मांग की है कि सरकार को तुरंत नुकसान का आकलन करना चाहिए और सहायता की घोषणा करनी चाहिए ताकि किसान इससे उबर सकें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पायल घोष ने पीएम नरेंद्र मोदी से भारत में 'वेश्यावृत्ति' को कानूनी बनाने का आग्रह किया!

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जहां** आम तौर पर भारतीय मनोरंजन उद्योग के लोगों को 'लोगों को खुश करने वाला' कहा जाता है, वहीं अभिनेत्री पायल घोष बिल्कुल अलग नस्ल की लगती हैं। वह अभिनेत्री जो हाल ही में प्रतिभाशाली कृष्णा अभिषेक के साथ अपनी आखिरी फिल्म 'फायर ऑफ लवः रेड' में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन से दिल जीतने में कामयाब रही, वह एक बार फिर एक बड़े कारण से खबरों और सुर्खियों में है। अभिनेत्री को हमेशा निडर और अपने दिल की बात कहने के लिए जाना जाता है और यही कारण है कि, उनके अपने प्रशंसक हैं जो हमेशा उनका समर्थन करते हैं। एक सार्वजनिक हस्ती के रूप में, पायल ने कभी भी महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों और कलंक के बारे में बोलने से खुद को पीछे नहीं रखा है, कुछ ऐसा करने से कई अभिनेता अक्सर डरते हैं और यही बात उन्हें भीड़ से अलग करती है। इस बार भी एक्ट्रेस के पास माननीय पीएम नरेंद्र मोदी के लिए एक खास और अहम संदेश है।



जैसा कि हम सभी जानते हैं, एक पेशे के रूप में वेश्यावृत्ति वास्तव में देश में कानूनी नहीं है। हालाँकि यह एक खुला रहस्य है कि यह किसी न किसी तरह हमारे समाज में बहुत गहराई से मौजूद है, लेकिन इससे जुड़े सामाजिक कलंक के कारण सार्वजनिक रूप से इसके बारे में बात करना मुश्किल हो जाता है। हालाँकि, इसे बिल्कुल अलग और प्रगतिशील नजरिए से देखने वाली पायल का कुछ और ही कहना है। वेश्यावृत्ति पर उनके विचार के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने न केवल कुछ अलग बातें बताईं, बल्कि माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से एक विशेष अनुरोध भी किया। पायल ने कहा की।

हमारे देश में समस्या यह है कि हर कोई बंद दरवाजों के पीछे यौन संबंधी गतिविधियों पर बात करना या शामिल होना पसंद करता है। लेकिन जब दुनिया के सामने बात करने की बात आती है, तो लोग छिप जाते हैं और मुझे समझ नहीं आता कि ऐसा क्यों है। एक तरफ, हम कंडोम और अन्य यौन स्वास्थ्य उत्पादों के उपयोग का व्यवसायीकरण करते हैं लेकिन साथ ही, हम उस जगह के बारे में बात करने से भी कतराते हैं जहां इसका अक्सर उपयोग किया जाता है। हमारे देश में वेश्यावृत्ति को जिस तरह से देखा जाता है, उससे



मैं बिल्कुल नफरत करती हूं। उन महिलाओं का अपमान किया जाता है और उनके साथ बेहद दुर्व्यवहार किया गया जैसे कि वे समाज का हिस्सा ही नहीं हैं। ऐसा क्यों? ऐसा नहीं है कि जब उन्हें इसमें धकेला गया तो उन्होंने अपनी इच्छा से ऐसा करना चुना। इसके अलावा, दुर्भाग्य से, एक देश के रूप में भारत महिलाओं के लिए असुरक्षित माना जाता है और हम बलात्कार की घटनाओं के बारे में सुनते रहते हैं। हालांकि पूरी तरह से नहीं, लेकिन इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि अगर देश में वेश्यावृत्ति को कानूनी दर्जा मिल जाए तो इसमें बहुत कुछ बंद हो सकता है या कम से कम, कम हो सकता है। एक व्यक्ति के रूप में, मैं अकेले बड़ा बदलाव नहीं ला सकती। लेकिन, मैं हमेशा अपनी आवाज उठा सकती हूं और जो मुझे सही लगता है उसे साझा कर सकती हूं जो महिलाओं और बड़े पैमाने पर समाज के लिए मददगार हो सकता है। हमारे देश में वेश्यावृत्ति को वैध बनाने से न केवल इस देश में वेश्याओं को देखने का तरीका बदल जाएगा। मुझे लगता है कि यह महिलाओं के खिलाफ अपराध को कम करने के मामले में भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। इसलिए, मैं हमारे माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध करना चाहूंगी कि कृपया इस मामले को देखें और अनुरोध करें ताकि हम इस देश में वेश्यावृत्ति को वैध बनाने का एक रास्ता ढूंढ सकें। एक बार फिर शेरनी की तरह अपने दिल की बात कहने और एक ऐसे विषय पर बात करने के लिए पायल को बधाई, जिस पर वास्तव में ध्यान देने की जरूरत है। काम के मोर्चे पर, पायल घोष के पास दिलचस्प प्रोजेक्ट्स हैं, जिनकी आधिकारिक घोषणा आदर्श समयसीमा के अनुसार होगी। अधिक अपडेट के लिए बने रहें।

# पायल घोष अब राजीव चौधरी की 'शैक - द डाउट' में मुख्य भूमिका में नजर आएगी!



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**अभिनेत्री** पायल घोष ऐसी शख्सियत हैं जो अपने सामने आने वाले अवसरों का भरपूर फायदा उठाने के लिए जानी जाती हैं। कुछ समय पहले, अभिनेत्री ने फिल्म 'फायर ऑफ लवः रेड' में प्रतिभाशाली कृष्णा अभिषेक के साथ अपने काम से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। पायल को अपने प्रदर्शन में दी गई गहराई के लिए प्रशंसकों के साथ-साथ आलोचकों से अविश्वसनीय प्यार और सराहना मिली और तब से, लोग उनकी अगली बड़ी रिलीज के बारे में अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। और, आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। प्रतिभाशाली और खूबसूरत अभिनेत्री अब निर्देशक राजीव चौधरी की अगली बड़ी फिल्म 'शेकः द डाउट' में नजर आने के लिए तैयार है। जब हम फिल्म में उनकी भूमिका के बारे में अधिक जानने के लिए पायल के पास पहुंचे, तो पायल ने बताया की। मैं इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। मेरी पिछली फिल्म 'फायर ऑफ लवः रेड' के लिए मुझे जो प्यार और सराहना मिली, उसके बाद मैं एक कलाकार के रूप में और भी बेहतर करने के लिए बहुत प्रेरित हूं। मुझे खुशी है राजीव चौधरी ने मुझे इस विशेष फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना। मैं अभी फिल्म और कहानी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकता लेकिन हां, यह काफी दिलचस्प है। मैं एक ऐसी महिला की भूमिका निभा रही हूं जो अपनी शादी से बहुत उदास है और फिल्म को लंदन में शूट किया जाएगा। फिलहाल मैं बस इतना ही साझा कर सकता हूं। मेरी पिछली फिल्म के लिए मुझे मिले प्यार के लिए मेरे सभी प्रशंसकों और आलोचकों को धन्यवाद। मुझे उम्मीद है कि इस फिल्म के साथ-साथ मेरे भविष्य के सभी कामों के लिए भी मुझे ऐसा प्यार मिलना जारी रहेगा। पायल को इस नई फिल्म के लिए बधाई और हम उन्हें इसके लिए और उनके सभी भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हे शुभकामनाएं देते हैं। अधिक अपडेट के लिए बने रहें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मिनिषा लांबा का खुलासा



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस मिनिषा लांबा फिल्मों से लंबे समय तक गायब रहने के बाद अपने तलाक और दोबारा रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में आ गई थीं। मिनिषा लांबा आजकल फिर चर्चा में हैं क्योंकि उन्होंने कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। मिनिषा लांबा ने बताया है कि एक समय पर वह एक बॉलिवुड ऐक्टर के साथ रिलेशनशिप में थीं और वह ऐक्टर बेहद फ्लर्ट और धोखेबाज था। मिनिषा लांबा ने बताया, 'मैं एक ऐक्टर के साथ रिलेशनशिप में थी और उसने मुझे धोखा दिया था। उस ऐक्टर की पर्सनैलिटी ही बहुत बड़े फ्लर्ट की थी।' मिनिषा ने यह भी कहा कि वह आगे कभी भी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े आदमी को डेट नहीं करना चाहती हैं। मिनिषा लांबा ने साल 2015 में रयान थाम से शादी की थी। पिछले साल दोनों का तलाक हो गया। हाल में मिनिषा ने बताया था कि वह किसी के साथ रिलेशनशिप में हैं। उन्होंने बताया है कि वह पिछले एक साल से रिलेशनशिप में हैं मगर अपने बॉयफ्रेंड के नाम का खुलासा नहीं करेंगी क्योंकि वह उनकी प्राइवेसी की कद्र करती हैं।

# कार्तिक आर्यन को लेकर नई फिल्म अनाउंस

**पिछले** कुछ समय से कार्तिक आर्यन नकारात्मक खबरों के कारण चर्चा में हैं। उनके हाथ से कुछ फिल्में फिसल गईं। उनके प्रोफेशनल व्यवहार को लेकर भी कई बातें हुईं, लेकिन अब उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। कार्तिक आर्यन को नई फिल्म मिली है जिसका टाइटल है- सत्यनारायण की कथा। इसे बॉलीवुड के नामी निर्माता साजिद नाडियाडवाला बना रहे हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी दी। लिखा- मेरे दिल के करीब एक कहानी, सत्यनारायण की कथा, खास लोगों के साथ एक खास फिल्म। कार्तिक को छोड़ अन्य कलाकारों का नाम घोषित नहीं हुआ है। इसे समीर विदवंस निर्देशित करेंगे।





# शिल्पा शेट्टी ने ठुकराया था 10 करोड़ का शानदार ऑफर

**शिल्पा शेट्टी** भले ही 48 की उम्र में भी सबसे फिट ऐक्ट्रेसेस में गिनी जाती हैं, लेकिन इस फिटनेस के लिए उन्होंने कभी किसी स्लिमिंग पिल्स पर भरोसा नहीं जताया। शिल्पा उनमें से हैं जिन्हें फिटनेस के लिए योग वर्कआउट और हेल्दी डाइट पर सबसे अधिक यकीन है और यही वजह है कि वह एंटरटेनमेंट की दुनिया से अलग फिटनेस और कुकिंग शो पर भी खूब ध्यान देती हैं। यही वजह है कि शिल्पा शेट्टी ने स्लिमिंग पिल्स के ऐड के 10 करोड़ रुपए के ऑफर को भी ठुकरा दिया था। यूं तो शिल्पा शेट्टी ने कई ब्यूटी और फिटनेस ब्रैंड का ऐड किया है। किसी भी ब्रैंड्स के लिए शिल्पा पसंदीदा सिलेब्रिटीज में से एक हैं। साल 2019 में शिल्पा शेट्टी को स्लिमिंग पिल्स के 10 करोड़ रुपए का ऑफर मिला। शिल्पा ने इतने बड़े अमाउंट के ऑफर को सिर्फ इसलिए ठुकरा दिया क्योंकि फिटनेस के इस तरीके में उनका यकीन और भरोसा नहीं है। शिल्पा ने जैसे ही इस ऑफर को ठुकराया था इंटरनेट पर यह खबर आग की तरह फैल गई। शिल्पा का मानना है कि जो आप लोगों को उपदेश देते हैं उसपर खुद भी चलें। शिल्पा का कहना था, 'स्लिमिंग पिल्स तुरंत रिजल्ट दिखाने को लेकर भले अट्रैक्ट करता हो लेकिन सच यह है कि वर्कआउट के डिसिप्लीन रूटीन से बढ़कर कुछ और नहीं।'